Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of sewage treatment plants in Farrukhabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.-Laid

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद): हमारे संसदीय क्षेत्र फर्रुखाबाद में पतित पावनी गंगा नदी लगभग 100 किमी के क्षेत्र में बहती है जिसके तट पर तीन नगरपंचायत- कम्पिल, नबावगंज और शमशाबाद एवं दो नगर पालिकाएं कायमगंज और फर्रुखाबाद स्थित है । इसके अतिरिक्त सामरिक महत्त्व की छावनी फतेहगढ़ परिषद भी स्थित है । परन्तु बड़े दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि इन सभी नगरों का गन्दा पानी पवित्र गंगा जी में सीधे प्रवाहित हो रहा है । 2016 में फर्रुखाबाद शहर गंगा तट पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) नमामि गंगे परियोजना से स्वीकृत हुए थे परन्तु आज तक उन पर काम प्रारंभ नहीं हो पाया है । अतः माननीय जल शक्ति मंत्री जी से विनम्र आग्रह है कि गंगा को स्वच्छ व निर्मल बनाये रखने के लिए कम्पिल, शमशाबाद, फर्रुखाबाद, कायमगंज तथा कमालगंज नगरों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) की स्थापना अविलम्ब करानें का कष्ट करें ।